आकाशवाणी केन्द्र शिमला

08.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

महिला दिवस

आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 का विषय 'सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, समानता, सशक्तिकरण' है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेशभर में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्य स्तरीय समारोह कांगड़ा ज़िला के शाहपुर के चंबी में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बेहतरीन कार्य करने वाली महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों को सम्मानित भी किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने 40 करोड़ के विकास कार्यों के शिलान्यास भी किए। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक ही शिक्षा निदेशालय होगा और स्कूल ऑफ एजुकेशन इसका नाम रखा जाएगा। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पटवारियों व कानूनगो का राज्य कैडर का फैसला वापस नहीं होगा और इससे उनकी प्रमोशन प्रभावित नहीं होंगी। उन्होंने पटवारियों व कानूनगो से हड़ताल खत्म करने का आग्रह किया।

महिला सम्मान

राज्य व केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं की मदद से महिलाएं जहां आत्मनिर्भर बनी हैं वहीं अन्य महिलाओं के लिए भी स्वरोज़गार के अवसर सृजित कर रही हैं। फूलों की खेती में माहिर बिलासपुर जिला के बैहनाजट्टां की मीना चंदेल देश की पहली महिला किसान हैं जिन्होंने अपने ग्रीन हाउस में एक विदेशी फूल की प्रजाति डेंथस को सफलतापूर्वक उगाया है। मीना चंदेल को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा, नई दिल्ली द्वारा इनोवेटिव फार्मर अवार्ड–2025 से सम्मानित किया गया है।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय आवास व शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल से भेंट कर शहरों के पुर्नविकास के लिए अर्बन चैलेंज फंड में निर्धारित मानदंडों पर पुनर्विचार करने और

छूट देने का आग्रह किया। विक्रमादित्य सिंह ने केन्द्रीय मंत्री से पहाड़ी राज्य के दृष्टिगत 90–10 के आधार पर मानदंड तय करने का अनुरोध किया। लोक निर्माण मंत्री ने प्रदेश में राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन के तहत शुरू किए गए सिटिजन सर्विस पोर्टल के लिए पांच वर्षों में 70 करोड़ रुपये प्रदान करने की मांग की। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत देनदारियों के निपटान के लिए 3 करोड़ 28 लाख रुपये प्रदान करने की मांग भी की। विक्रमादित्य सिंह ने हिमाचल प्रदेश के लिए पार्किंग निर्माण और शहरी बुनियादी ढांचे के विकास के लिए विशेष धनराशि स्वीकृत करने का भी अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने राज्य को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से 28 मार्च तक शिमला में आयोजित होगा। इस सत्र के इस बार हंगामेदार होने के आसार हैं। नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने सरकार पर सत्र को कम करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि चार दिन राज्यपाल के अभिभाषण में और चार दिन बजट पर चर्चा में चले जाएंगे ऐसे में बहुत सारे ऐसे मुद्दे हैं जिस पर विपक्ष सदन में चर्चा करना चाहता है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार केंद्र के विकास के पैसे को वेतन और पेंशन में दे रही है ऐसे विभिन्न मुद्दे हैं जिन पर विपक्ष चर्चा करना चाहता है।

मांग

चंबा ज़िला की पांगी घाटी की पुर्थी पंचायत में हिम ऊर्जा का पावर हाऊस पिछले 3 सप्ताह से बंद है जिससे शौर, रेई और पुर्थी पंचायतों के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टावर खराब होने से इन क्षेत्रों में बी.एस.एन.एल. के टावर सही ढंग से काम नहीं कर रहे हैं। शौर पंचायत के उप–प्रधान निहाल चंद भारद्वाज ने इन सुविधाओं को जल्द बहाल करने की प्रशासन से मांग की है।

....